दिनांक: 10.08.2024 समय : 18.30 पीएम

# आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेषिक समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा – शासन व्यवस्था के लिये स्वतंत्र और मजबूत न्याय प्रणाली जरूरी।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रदेश के लाखों बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित।
- राज्य के कई जिलों में सुबह से बरसात का दौर जारी –जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर व भरतपुर संभाग में भारी बारिश की संभावना ।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि किसी राष्ट्र की न्यायिक प्रणाली और उसकी कार्यक्षमता उसकी लोकतांत्रिक जीवंतता को परिभाषित करती है। श्री धनखड़ आज जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के स्थापना दिवस के हीरक जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी शासन व्यवस्था के लिए एक स्वतंत्र और मजबूत न्याय प्रणाली आवश्यक है, क्योंकि यह जीवन के लिए बहुत जरूरी है। श्री धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र के तीन स्तंभ– विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका संवैधानिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इन तीनों स्तंभों के संविधान में दिये दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं को कमजोर किया गया तो यह हमारे लोकतंत्र को खतरे में डाल देंगी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने

वाली ताकतों और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। देश की बढती आर्थिक ताकत का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की ओर उम्मीदों से देख रही है। यूपीआई की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज कई अन्य देश भी इस तकनीक को अपना रहे हैं।

000

राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागड़े आज बाड़मेर जिले के दौरे पर रहे। राज्यपाल ने सरहदी गांव तामलोर में विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने स्थानीय विद्यालय में पौधारोपण किया और विद्यार्थियों से बातचीत की। श्री बागड़े ने मुनाबाव से लगती अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का दौरा कर सैनिक सम्मेलन में हिस्सा लिया और बीएसएफ के जवानों से संवाद किया। राज्यपाल का आज शाम जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में भाग लेने कार्यक्रम है।

000

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आज प्रदेश के 19 साल तक के लाखों बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने आज नागौर के खींवसर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में श्री खींवसर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। बच्चों को कीड़ों से मुक्ति के लिए सरकार गांव–ढाणी तक कृमि मुक्ति अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों को छह महीने में एक बार कृमि मुक्ति दवा जरूर खिलानी चाहिए। आज प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों,

मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क दवा खिलायी गई। अभियान के दौरान छूटे बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने के लिए 17 अगस्त को मॉपअप दिवस आयोजित किया जाएगा ताकि एक भी बच्चा यह दवा खाने से नहीं छूटे।

सवाईमाधोपुर जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीना ने मानटाउन बालिका स्कूल में छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवा खिला कर जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की। झुंझुनूं में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को कृमिनाशक गोली खिलाई गई। बालोतरा में कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल सहित आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में एल्बेंडाजोल दी गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर भीलवाड़ा के सरकारी स्कूल गुलमंडी में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर चेतेंद्र पुरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जैसलमेर में भी बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल गोली खिलाई गई। झालावाड़ में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलपुरा में बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अलवर में भी बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई।

000

दौसा जिले के सिकराय से विधायक विक्रम बंशीवाल ने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए अनूठी पहल की है। श्री बंशीवाल अपने विधानसभा क्षेत्र के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 50 छात्राओं को हवाई यात्रा कराने के लिए

आज अयोध्या के लिए रवाना किया। ये छात्राएं जयपुर से फ्लाइट द्वारा अयोध्या पहुंचेगीं और भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। सिकराय विधानसभा क्षेत्र की इन मेधावी छात्राओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आज मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को इस यात्रा से धार्मिक दर्शन के साथ भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत के साक्षी बनने का अनुभव प्राप्त होगा।

000

--------------------

राज्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई स्थानों पर तिरंगा रैली निकाली गई। 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साथ सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के प्रति गर्व की भावना का प्रदर्शन किया जा रहा है। श्रीगंगानगर में हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत बाईक रैली निकाली गई। रैली महाराजा गंगासिंह चौक से प्रारम्भ होकर सुखाड़िया सर्किल भारतमाता चौक पर समाप्त हुई । अभियान के तहत पाली में जिला प्रशासन और स्कूली विद्यार्थियों ने शहर के मुख्य मार्गो से तिरंगा रैली निकाली। रैली में पाली जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट मौजूद रहे। भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट परिसर से सूचना केंद्र चौराहे तक तिरंगा रैली निकाली गई। बांसवाड़ा में हर–घर तिरंगा अभियान के तहत साईकिल रैली निकाली गई। रैली में शामिल स्कूली विद्यार्थियों ने उल्लास और उमंग के साथ हिस्सा लिया। रैली को गांधी सर्कल से अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित

कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने 13 से 15 अगस्त तक घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

सवाईमाधोपुर जिले में आज से हर घर तिरंगा अभियान आरंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अध्यापकों और ग्रामीणों ने तिरंगा रैली में बढ–चढकर हिस्सा लिया। केकड़ी जिला प्रशासन की ओर से आज भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं के साथ जिला कलेक्टर श्वेता चौहान, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम भी तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे।

000

प्रदेश में जयपुर, कोटा, सवाईमाधोपुर, सीकर, सहित 10 जिलों में आज सुबह से ही रुक–रुक कर बरसात का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में सुबह से ही कई इलाकों में बारिश का दौर शुरू हो गया, जो शाम तक जारी रहा। चौमूं में 2 घंटे तेज बरसात के बाद मालेश्वर धाम की पहाड़ी पर झरना बहने लगा। सीकर जिले के श्रीमाधोपुर शहर में पिछले 6 दिनों से लगातार वर्षा का दौर जारी रहा। तेज बारिश के चलते शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित दुकानों में पानी भर गया। करौली के हिंडौन में भी तेज मूसलाधार बारिश हुई, जिससे शहर की कई कॉलोनियों में पानी जमा हो गया। टोंक के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी खूब पानी बरसा है। कोटा जिले में भी बारिश का दौर जारी है, इसके चलते संभाग के ज्यादातर बांध भर गये हैं।

........................

डीग जिले में बारिश से एक मकान ढहने से मां–बेटी की मौत हो गयी। नीमका थाना में जोहड़ में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मौसम

केंद्र जयपुर के अनुसार आज जयपुर, अजमेर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश तथा कहीं–कहीं अतिभारी बारिश होने की संभावना है। जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर व भरतपुर संभाग में मानसून सक्रिय रहने व कहीं–कहीं भारी बारिश की गतिविधियां आगामी 5–7 दिन जारी रहने की प्रबल संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर व जोधपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी 5–6 दिन मध्यम व कहीं–कहीं तेज बारिश होने का अनुमान है। शेखावाटी क्षेत्र में भी कहीं–कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं।

000